**01/09/2025**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आर्थिक, वित्तीय तथा ऊर्जा क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय सहयोग पर आज विचार विमर्श किया। उन्होंने इन क्षेत्रों में सतत वृद्धि पर संतोष व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने चीन में, शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के बाद आज द्विपक्षीय वार्ता की। उन्होंने युक्रेन से जुडे ताजा घटनाक्रमों सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार किया। प्रधानमंत्री मोदी ने युक्रेन संघर्ष के समाधान के लिए हाल में किये गये प्रयासों के प्रति समर्थन दोहराया। प्रधानमंत्री ने श्री पुतिन से कहा कि वे इस वर्ष के अंत में भारत में 23वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में उनका स्वागत करने के लिए इच्छुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और रूस, कठिन से कठिन समय में हमेशा एक-दूसरे के साथ खडे रहे हैं।

**Byte PM on India-Russia Relation**

0000000000000000000000

शंघाई सहयोग संगठन के घोषणापत्र में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की गई और आतंकवाद के विरुद्ध एक स्पष्ट एवं एकीकृत संदेश दिया गया।

राष्ट्राध्यक्ष परिषद शिखर सम्मेलन के बाद जारी घोषणापत्र में क्षेत्रीय सहयोग और नवाचार में भारत के बढ़ते योगदान को भी मान्यता दी गई। 'तियानजिन घोषणापत्र' आतंकवाद के विरुद्ध सामूहिक प्रयासों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और एससीओ के अंतर्गत क्षेत्रीय सहयोग को आकार देने में भारत की भूमिका के बढ़ते महत्व को दर्शाता है।

0000000000000000000000

सोलुंग उत्सव के अवसर मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्यवासियों विशेष कर आदी समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि, सोलुंग केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि आदी समुदाय के जीवन का सार है। यह कृतज्ञता, सद्भाव और प्रकृति के साथ हमारे शाश्वत बंधन का उत्सव है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कामना की है कि ईश्वर की कृपा से हर घर में भरपूर फसल, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की प्राप्ति हो।

0000000000000000000000

आज रोइंग में आयोजित सोलुंग उत्सव में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने इस बात पर ज़ोर दिया है कि, "विकास की दौड़ में अगर हम अपनी जड़ों, अपनी संस्कृति और अपनी भाषा को भूल गए, तो हम कभी भी सही मायने में विकसित नहीं हो पाएंगे। उन्होंने स्थानीय बोलियों के संरक्षण के लिए रोज़मर्रा की जीवन में अपनी बोलियों को अपनाने की अपनी अपील की।

श्री खांडू ने कहा कि आज अंग्रेज़ी और हिंदी जैसी मुख्यधारा की भाषाओं को सीखना और बोलना महत्वपूर्ण है, लेकिन किसी भी कीमत पर मातृभाषा को भूलान नहीं चाहिए। उन्होंने समुदाय के बड़ों और अभिभावकों से अपने बच्चों से उनकी मूल भाषा में बात करने का आग्रह किया ताकि युवा पीढ़ी उससे जुड़ी रहे। इसी तरह, उन्होंने युवाओं से अपनी मातृभाषा में बोलने और उसका अभ्यास करने का आग्रह किया ताकि वे इसे अपने आने वाली पीढ़ियों को भी यह बोलियां सिखा सकें। इस बीच, मुख्यमंत्री ने लोअर दिबांग वैली ज़िले में कई विकास कार्यों की आधारशिला रखी।

000000000000000000000000

राज्य के नागरिक उड्डयन, शहरी विकास एवं भूमि प्रबंधन मंत्री, बालो राजा ने आज अपर सियांग ज़िले के यिंगकियोंग में तीन दिवसीय सोलुंग महोत्सव का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि सोलुंग जैसे महोत्स को सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक उत्तरदायित्व को दर्शाते हुए सार्थक तरीके से मनाया जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रति सचेत रहने का आह्वान करते हुए अपर सियांग से अन्य ज़िलों के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने का आग्रह किया। उन्होंने महोत्सव के साथ ही स्वच्छता के महत्व पर भी ज़ोर दिया। इस अवसर पर, मंत्री महोदय ने सोलुंग स्मारिका का भी विमोचन किया।

000000000000000000000000

आज गवर्मेंट प्राइमेरी स्कूल खारतंग के स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में पूर्व छात्र, शिक्षक, नए छात्र एवं समुदाय के सदस्य ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के हेडमास्टर पाम दोरजी ने विद्यालय के समृद्ध इतिहास के बारे में जानकारी दी। रिकोर्ड के अनुसार, इस संस्थान की स्थापना 1 सितंबर 1975 को इंटर विलेज स्कूल खारटेंग के रूप में हुई थी और पिछले कुछ दशकों में यह क्षेत्र में शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र बन गया है।

0000000000000000000000

अरुणाचल के वुशु एथलीट, न्येमान वांगसू को आज से 8 सितंबर तक ब्राज़ील के ब्रासीलिया में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित 17वीं विश्व वुशु चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। न्येमान वांगसू तीन बार राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता हैं।

0000000000000000000000